हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

21 मार्च 2025, समय 1810

- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी पार्टियों से संसद में कृषि पर चर्चा करने की अपील की।
- सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत अब तक देश के 15 करोड़ 52 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया है।
- जल शक्ति अभियान-कैच द रैन 2025" के छठे संस्करण का राष्ट्र स्तरीय शुभारंभ कल पंचकूला होगा।
- हरियाणा के घरौंडा स्थित इंडो इजराइल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में आज से तीन दिवसीय सब्जी प्रदर्शनी शुरू हुई।
- हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्य स्तर पर केंद्रीकृत स्वास्थ्य हेल्पलाइन 104 का उद्घाटन किया।

*************************************************************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विपक्षी पार्टियों से संसद में कृषि पर चर्चा करने की अपील की ताकि किसानों की भलाई के लिए काम आगे बढ़ाया जा सके। मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार संसद में किसानों के मुद्दों पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार है।

*किसानों का कल्याण मोदी जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है और कल्याणकारी योजनाएं सरकार चला रही हैं। मैं प्रतिपक्ष से आग्रह करता हूं कि कम से कम वो आज चर्चा होने दें, चर्चा का मार्ग खोलें, सार्थक बहस करें, ताकि सही अर्थों में हम सब किसान कल्याण के कामों को आगे बढ़ा सकें।*

*************************************************************

सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत अब तक देश के 15 करोड़ 52 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया है। लोकसभा में अपने मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा कि जब 2019 में जल जीवन मिशन शुरू किया गया था, तब केवल लगभग तीन करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास नल के पानी के कनेक्शन थे।

*कई राज्यों के अंदर जब 80 करोड़ घरों में जब कनेक्शन देना होता है, तो कुछ तो टूटा-फूटा कम्प्लेन आएगी ही। हमारी कोशिश रहेगी कोई कम्प्लेन न आए, पर कम्प्लेन आएगी, तो उसके ऊपर एक्शन आए। मैं उनको गारंटी भी दे रहा हूं कि जो भी गड़बड़ी होएगी, जो भी कमियां हो रही होंगी, हम उसको भी जल्दी से हम कम्प्लीट करने वाले हैं।*

*************************************************************

"जल शक्ति अभियान-कैच द रेन 2025" के छठे संस्करण का राष्ट्र स्तरीय शुभारंभ कल हरियाणा में पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम से किया जाएगा।एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल इस में मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी मौजूद रहेंगी।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जल शक्ति अभियान की शुरुआत 2019 में हुई थी। इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य जल संचयन, मॉनसून के जल का पुनः उपयोग, तालाबों और जल स्रोतों व विलुप्त हो रहे नदी मांगों को पुनर्जीवित करना है।

*************************************************************

हरियाणा के घरौंडा स्थित इंडो इजराइल सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में आज से तीनदिवसीय 11वीं सब्जी प्रदर्शनी की शुरुआत हुई। इसमें हरियाणा, पंजाब ,

राजस्थान व उत्तर प्रदेश सहित विभिन्नराज्यों से बागवानी किसानों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। सब्जी मेले काउद्घाटन प्रदेश के कृषि एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किया। उन्होंनेसब्जी मेले का भ्रमण किया और सब्जियों की

आधुनिक तकनीक को देखा। उन्होंने सब्जीमेले में आए किसानों से बातचीत की और उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से दी जा रहीयोजनाओं के बारे में बताया।मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि

उन्होंने कहा कि हम कृषि को वैश्विक स्वरूप देना चाहते हैं ताकिदेश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार हो। एक सवाल के जवाब में कृषि मंत्री ने कहा कि शंभू सीमा और खनोरीसीमा पर  जहां किसान बैठे थे वह पंजाब काक्षेत्र था। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन करने का सबको अधिकार है लेकिन अगर लंबे समयतक किया जाए तो यह विकास में बाधा बनता है। वहां से उद्योग पलायन कर जाएंगे। पंजाबको इससे बहुत नुकसान हुआ है।

*****************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री,  आरती सिंह राव ने आज राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और हरियाणा स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित की गई  केंद्रीकृत -स्वास्थ्य हेल्पलाइन वन जीरो फोर (104 ) का उद्घाटन किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि “हरियाणा स्वास्थ्य हेल्पलाइन-104” का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं  को लोगों तक पहुचाना है। नागरिक अब आसानी से स्वास्थ्य सम्बंधित कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और स्वास्थ्य सेवा से संबंधित शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस हेल्पलाइन से शिकयतें की निगरानी  प्रभावी दस्तावेजी करण किया जा सकेगा। कार्यक्रम में हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, स्वास्थ्य सेवाएं महानिदेशक  डॉ. कुलदीप सिंह, निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डॉ. वीरेंद्र यादव व अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

*****************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि आयोग ने देशव्यापी स्तर पर डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र को खत्म करने के लिए एक विशेष मतदाता फोटो पहचान पत्र बनाने की शुरुआत की है। यह कार्य तीन महीनों में पूरा किया जायेगा। चंडीगढ़ में जारी एक विज्ञापित में उन्होंने कहा कि त्रुटि

रहित मतदाता सूची तैयार करने में राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट की अहम भूमिका होती है जो बूथ लेवल अधिकारी को मतदाता बारे सटीक जानकारी उपलब्ध कराता है।श्री अग्रवाल ने कहा कि पिछले एक महीने से निर्वाचन आयोग ने 1 करोड़ से अधिक चुनाव अधिकारियों व कर्मचारियों की क्षमता वृद्धि के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये हैं।उन्होंने बताया कि राज्यों के चुनाव पंजीयन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों व मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के स्तर पर राजनीतिक पार्टियों के लगभग 5 हजार प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गई है।

*****************************************************************

हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि भोजन, जलवायु संतुलन और जैव विविधता के संरक्षक होने के कारण पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। इसलिए आने वाली पीढ़ियों के लिए जंगलों को और अधिक समृद्ध बनाना होगा। इसके लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "एक पेड़ मां के नाम" अभियान को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार बखूबी तरीके से आगे बढ़ा रही है।राव नरबीर सिंह आज विष्व वानिकी दिवस के अवसर पर ढोसी हिल्स की तलहटी पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री ने कहा कि जब तक वन संरक्षित नहीं होंगे तो हमारा जीवन भी सुरक्षित नहीं रहेगा। श्री सिंह ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे ब्याह शादियों में कार्ड के चलन को बंद करें। इसकी बजाय हमारे पूर्वजों की चावल देने की परंपरा के साथ-साथ डिजिटल कार्ड भेजें। इसके अलावा, उन्होंने पॉलिथीन का प्रयोग न करने का भी आह्वान किया।उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा अरावली की पहाड़ियों को

बचाने के लिए अरावली ग्रीन वॉल योजना की शुरूआत की गई है तथा अरावली ग्रीन यात्रा की भी शुरूआत की जायेगी।

*****************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं व बाहरवीं कक्षाओं की परीक्षा का परिणाम 45 दिनों के भीतर घोषित किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार ने आज यह जानकारी देते हुए कहा कि बोर्ड 2 अप्रैल से उत्तर कॉपी की मार्किंग

शुरू करवा देगा। उन्होंने कहा कि मार्किंग कंप्यूटर की बजाय हाथ से ही की जाएगी।

*****************************************************************